हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 23 जनवरी 2024

11 नागरिकों को घर द्वार पर दी जा रही सरकारी सेवाएं: राज्यमंत्री



12 श्रीराम के मूर्ति स्थापना दिवस पर जलाए गए 11 हजार दीपक



## खबर संक्षेप

### कार को टक्कर मारने के आरोप में केस दर्ज

**कनीना।** कार को टक्कर मारने के आरोप में पुलिस ने दूसरी गाड़ी के चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। ढाणी जरावत के राहुल ने बताया कि वह निजी कम्पनी में काम करता है। 18 जनवरी को वह अजीत खासपुर के साथ कार से दौंगड़ा जा रहा था। खैराना-राता चौक के पास एक कार चालक ने उन्हें टक्कर मार दी।

### 54 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** शहर थाना पुलिस ने 54 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसकी पहचान माजरा खुर्द निवासी लक्की उर्फ झंडू के रूप में हुई। पुलिस ने गुप्त सूचना पर आरोपी को माजरा खुर्द से गिरफ्तार किया। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार कर आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी।

### बकरी चोरी के तीन आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** कुलताजपुर से बकरी चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान दुजाना के शुभम उर्फ भोला व हर्ष उर्फ गोलू, ब्राह्मणवास राजस्थान के सज्जन के रूप में हुई है। कुलताजपुर की कांता देवी ने थाना सदर में बकरी चोरी की शिकायत दर्ज करवाई। जिसमें अज्ञात पर बकरी चोरी का आरोप लगाते हुए पशु तलाश करने की मांग की। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

### मोहल्ला भटवाड़ा में सुंदरकांड पाठ आज

**नारनौल।** श्री मेहंदीपुर बालाजी मित्र मंडल के तत्वावधान में मंगलवार रात को रामेश्वर दयाल कुमावत, मोहित कुमावत के निवास स्थान मोहल्ला भटवाड़ा नलापुर चौक के पास सुंदरकांड पाठ होगा। राकेश गुप्ता ने बताया कि सुंदरकांड पाठ की अध्यक्षता मंडल के प्रधान महावीर प्रसाद अग्रवाल करेंगे। सुंदरकांड पाठ के बाद भजनों का दौर शुरू होगा।

# आज से खेल महाकुंभ का आगाज, विजेता टीमों को दिए जाएंगे 20 लाख के पुरस्कार

**प्रतियोगिता में राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी होंगे शामिल, पहली बार महिलाओं की कबड्डी प्रतियोगिता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव पाली में छह फरवरी को लगने वाले बाबा जयरामदास के मेले अवसर पर आज से विभिन्न खेलों का शुभारंभ होगा। इसके साथ ही बीजेआरडी क्रिकेट महाकुंभ का भी शुभारंभ होगा, जिसमें देशभर से 32 टीमें शामिल होगी। वहीं इस बार मंदिर कमेटी की ओर से विभिन्न खेलों के लिए 20 लाख रुपये से अधिक की इनामी राशि रखी गई है। वहीं वॉलीबाल पांच फरवरी सुबह 9 बजे से शुरू की जाएगी, जबकि कुश्ती दंगल व एथेलेटिक्स की सभी प्रतियोगिताएं मेले के दिन छह फरवरी को होंगी।

मंदिर कमेटी के प्रधान भंवर सिंह ने बताया कि मेले को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 23 जनवरी को महेंद्रगढ़-भिवानी सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह मुख्यातिथि होंगे, जबकि अध्यक्षता श्रीकृष्णा स्कूल के एमडी कर्मवीर राव बीजेआडी क्रिकेट महाकुंभ का शुभारंभ करेंगे। इस बार विभिन्न प्रतियोगिताओं में 3 हजार से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे।

### किस खेल में कितनी ईनामी राशि

इस बार बीजेआरडी क्रिकेट कप की विजेता टीम को 2.1 लाख रुपये व आधा किलोग्राम शुद्ध चांदी का बीजेआरडी कप, उप विजेता को 1.21 लाख रुपये की राशि तथा 250 ग्राम चांदी का बीजेआरडी कप दिया जाएगा। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज को बाइक व अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे। वॉलीबॉल की विजेता को 61 हजार व उप विजेता को 41 हजार रुपये, कबड्डी विजेता को 1.12 लाख व उप विजेता को 81 हजार रुपये की राशि तथा ट्राफी दी जाएगी, जबकि लड़कियों की कबड्डी टीम को 51 हजार व उप विजेता को 31 हजार की राशि दी जाएगी। छोटे बच्चों की कबड्डी विजेता टीम को 21 हजार व उप विजेता को 11 हजार रुपये देकर सम्मानित किया जाएगा।



महेंद्रगढ़। क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए तैयार किया गया स्टेडियम। फोटो: हरिभूमि

कबड्डी एवं क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को भी ईनामी राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। 500 रुपये से 51 हजार रुपये के कुश्ती दंगल का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा दौड़, बुजुर्ग दौड़, लड़कियों की दौड़ 100 मीटर से 5 हजार मीटर तक होंगी। साथ ही 52 किलोग्राम भार वर्ग में लड़कों की कबड्डी, गोला फैंक, लंबी व ऊंची कूद, जैवलिन थ्रो सहित अन्य एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं भी होंगी।

### इंडोर स्टेडियम में होंगे कबड्डी मैच

गांव पाली के बाबा जयरामदास धाम पर 20 लाख रुपये की लागत बनाए गए जिले के पहले इंडोर स्टेडियम पर कबड्डी के मैच खेले जाएंगे। 65 गुना 125 फीट के इस स्टेडियम में एक साथ 5 हजार दर्शक एक साथ बैठकर दो मुकाबले देख सकेंगे। इस बार नेशनल कबड्डी में लड़के के साथ-साथ पहली बार लड़कियों की टीमों को भी शामिल किया जाएगा। नेशनल स्टाइल कबड्डी की विजेता टीम को 1.21 लाख व बीजेआरडी कप तथा उप विजेता को 81 हजार रुपये की राशि व बीजेआरडी कप दिया जाएगा।

पहली बार होने वाली लड़कियों की प्रतियोगिता में विजेता टीम को 51 हजार व उप विजेता टीम को 31 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। दोनों वर्गों की प्रतियोगिताओं में देशभर से 70 से अधिक टीमें शामिल होंगी। सभी मुकाबलों का लाइव प्रसारण सोशल प्लेटफार्म पर किया जाएगा। देशभर में कोई भी यह मुकाबले देख सकेगा। इस बार सभी मुकाबले प्रो. कबड्डी के नियमों के आधार पर किए जाएंगे। खिलाड़ियों के लिए रहने तथा भोजन की पूरी व्यवस्था भी मंदिर कमेटी की ओर से की गई है।

## दिनभर मंदिरों, मोहल्लों, गलियों व बाजारों में गूंजी जय श्रीराम के जयकारों की गूंज

# राममय हुआ जिला, शाम को मिट्टी के दीयों की रोशनी से दिवालीमय बना वातावरण

राजनीति व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी की खूब भागदौड़, शहर से गांवों तक सभी मंदिरों को भव्य तरीके से सजाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अयोध्या में बनाए गए भव्य मंदिर में श्रीराम लला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सोमवार को हो गई। इस एतिहासिक क्षण को लोगों ने सोशल मीडिया के अलग-अलग माध्यमों से देखा और साक्षी बने। इसी खुशी को अपने-अपने अंदाज में जिला के लोगों ने मनाया। ठंड के बीच दिनभर त्यौहारी सीजन का माहौल दिखाई दिया। श्रीराम के जयकारों की गुंज सुनाई दी। कहीं भंडारा तो कहीं हवन यज्ञ का सिलसिला चला। मंदिरों की साफ-सफाई कर लाइटों से जगमग किया गया। शाम होते-होते मिट्टी के दिए से मंदिरों, प्रतिष्ठनों व घरों में उजाला किया गया। मानो ऐसा लग रहा हो जिला पूरी तरह दीपावलीमय हो रहा हो।

नारनौल शहर की बात करें तो आजाद चौक व महावीर चौक को विशेष रूप सजाया गया था। सामाजिक संगठनों ने यहां मिट्टी के दिए से उजाला कर इस समय को याद रखने के लिए फोटो खींच सोशल मीडिया पर स्टेट्स लगाते दिखाई दिए। कड़िया वाले हनुमान मंदिर, मां चामुंडादेवी मंदिर व खालड़ा वाले हनुमान मंदिर सहित शहर के सभी मंदिरों को विशेष तौर पर सजाया गया था।

यहां दिनभर जयश्री राम के जयकारों की गुंज रही। शहर में रेवाड़ी रोड, महावीर चौक, सिंघाना रोड, बाबा खेतानाथ कॉम्पलेक्स, पुल बाजार, मानक चौक, आजाद चौक, किला रोड, काठ मंडी, अनाज मंडी, पुलिस लाइन के पास, तालाब बहादुरसिंह मार्ग सहित अनेक स्थानों पर लोगों ने भंडारे लगाए। आजाद चौक पर युवक ने गोल गप्पे खिलाएं। महावीर चौक के पास एक चिकित्सक ने ओपीडी फ्री की। शाम होते-होते सभी चौक चौराहों सहित दुकानों के बाहर लोगों ने दीये से उजाला किया। शाम को मंदिरों में आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। मकानों को भी दिवाली त्योहार की तरह लाइट लड़ी लगाकर दीए से उजाला किया। यहीं नहीं, शाम सात बजे बाद आधी रात तक पटाखों का भी शोरगुल सुनाई दिया।





नारनौल। कड़िया वाले हनुमान मंदिर में दिए के उजाले से बनाई गई रंगोली और नारनौल शहर में बाइक रैली निकालते हुए। फोटो: हरिभूमि।

### प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर निकाली बाइक रैली

**नारनौल।** अयोध्या के राम मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा युवा मोर्चा पार्षद सिकंदर कुमार के नेतृत्व में बाइक रैली का आयोजन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता मंगल वाल्मीकि ने की। इस अवसर पर सिकंदर कुमार ने कहा कि रामभक्तों का 500 वर्षों के इंतजार खत्म हुआ। श्रीराम मंदिर के आंदोलन में शहीद हुए कारसेवकों को हम नमन करते हैं। जिनकी शहादत के बदौलत आज सारे देश में खुशी का माहौल है। श्रीरामलला दिव्य व भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। इस कार्यक्रम में सैकड़ों रामभक्त अपनी बाइक लेकर पहुंचे।



मंडी अटेली। बिहाली के पहाड़ की तलहटी में नवनिर्मित मंदिर में राम दरबार रखी मूर्तियां।

### बिहाली के पहाड़ की तलहटी में नवनिर्मित मंदिर में की राम दरबार मूर्ति की स्थापना

- 151 महिलाओं ने निकाली गांव में कलश यात्रा

**मंडी अटेली।** गांव बिहाली के पहाड़ की तलहटी में नवनिर्मित मंदिर परिसर में राम दरबार मूर्ति स्थापना की गई। बता दें कि पांच दिवसीय हवन व प्राण प्रतिष्ठा जप करने के बाद 151 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। यह यात्रा मंदिर परिसर से आरंभ होकर पूरे गांव में चली, जिसमें राम दरबार व बजरंग बली की झांकी भी निकाली गई। सोमवार पूजा अर्चना के साथ राम दरबार स्थापित किया गया। आचार्य मुकेश शास्त्री, श्याम सुंदर शास्त्री, संदीप कुमार, केशव, गौरव आदि ने पूजा अर्चना की। राम दरबार की मूर्ति स्थापना प्राचीन मंदिर बाबा सेवा दास के महंत मंगलदास ने की। पहाड़ की तलहटी में एक विशाल मंदिर का निर्माण किया गया है, जिसकी 51 फुट ऊंची गुमटी बनाई गई है अयोध्या में होने वाली रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दिन जहां पूरे देश में दीपावली का माहौल बना रहा। पहाड़ की तलहटी में नवनिर्मित मंदिर में राम दरबार की मूर्ति स्थापना की गई तथा दिनभर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला प्रमुख डा. राकेश कुमार, सरपंच बीना देवी, सीताराम सरपंच, प्रहलाद बाबू, मास्टर अरुण कुमार, विकास चेयरमैन, लीलाराम सरपंच नागंल, रामरतन, सत्यवीर थानेदार, थाना प्रभारी ब्रह्मप्रकाश, जितेंद्र कुमार, रविंद्र कालिया, रतिराम, रामनारायण, दयाराम मिस्त्री, हनुमान यादव, ओमप्रकाश यादव, धनपत सिंह, अजित सिंह, कृष्ण कमार, धीरज सोनी व रामेश्वर पंच इत्यादि उपस्थित रहे।

## शीतला माता समिति शेखपुरा का 11 फरवरी को होगा चुनाव

- 11 फरवरी को 10 से 3 बजे तक होगा मतदान

**नारनौल।** शीतला माता सेवा समिति शेखपुरा का चुनाव 11 फरवरी को होगा। चुनाव अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि शीतला माता सेवा समिति शेखपुरा की चुनाव अधिसूचना जारी कर दी है। नामांकन पत्र 28 से 31 जनवरी के बीच सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक लिए जाएंगे व जांच एक फरवरी को शाम पांच बजे तक होगी। नामांकन पत्र वापस तीन फरवरी को दोपहर 12 बजे से शाम पांच बजे और चार फरवरी को दोपहर 12 बजे से दो बजे के बीच किया जा सकता है। चार फरवरी की शाम पांच बजे उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न आवंटन कर दिया जाएगा। 11 फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। इस चुनाव प्रक्रिया के लिए उप चुनाव अधिकारी मुकेश सैनी, पर्यवेक्षक धीरज कालरा, सहायक चुनाव अधिकारी कामेश सैनी व नवीन सैनी और नोडल अधिकारी शिव कुमार, अश्विनी सैनी, उमेश सैनी व योगेश सैनी होंगे।

## 500 साल बाद ऐसा क्षण, हर देशवासी बना साक्षी: राज्यमंत्री



**नारनौल।** प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव पटीकरा स्थित ठाकुरजी के मंदिर में कार्यकर्ताओं व आमजन के साथ अयोध्या में आयोजित रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भव्य प्रसारण वर्चुअल माध्यम से देखा। उन्होंने बाबा खेतानाथ मंदिर में भी पहुंच भगवान श्रीराम को याद किया। राज्यमंत्री ने कहा कि आज पूरा देश भक्तिमय में है। करीब 500 साल बाद भगवान श्रीराम मंदिर में विराजमान हुए है। इससे सनातन धर्म से जुड़े साधु संत व देश के नागरिकों में अपार खुशी है। इसी खुशी को आज हर आमजन दिवाली के तौर पर मना रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में राम राज की शुरूआत की है। सदियों का अभूतपूर्व धैर्य, अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद प्रभु श्रीराम आ गए हैं। उन्होंने कहा कि महेंद्रगढ़ जिला में ऐसी कोई जगह नहीं जहां प्रभू श्रीराम के नारे नहीं लग रहे।

## खोड़ मोड़ मंदिर में सप्तमुखी शनि देव और हनुमान जी की प्रतिमाएं स्थापित



**मंडी अटेली।** खोड़ मोड़ पर सप्तमुखी शनि देव व हनुमान जी मंदिर के स्थापना के मौके पर रविवार को 5 दिवसीय 21 महाकुण्ड यज्ञ प्रारंभ हुआ। सिद्ध सेवा धाम मांढ़ण के महंत अनिल पुरोहित के संयोजन में उनिंदा के हनुमान मंदिर से 2 किमी. लंबी कलश यात्रा शुरू होकर मूर्ति प्रतिष्ठान खोड़ मोड मंदिर पहुंची। जिसमें करीब 700 महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर भंडारा भी लगाया । महंत अनिल पुरोहित ने बताया कि सप्त मुखी शनि देव व हनुमान जी की मूर्ति स्थापित के बाद शुरू हुआ 21 कुण्डीय महायज्ञ 26 जनवरी तक चलेगा। बाबा के गुणगान में अमित चौधरी, छम्मा तिवाड़ी, कर्मपाल शर्मा, मंजू शर्मा, सुभाष फौजी सहित अनेक कलाकार बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। इस मौके पर उनिंदा के सरपंच शीशपाल पाला, राता के बेदू राता, जयभगवान खोड़, इंद्रजीत सरपंच, सतपाल सरपंच, मूलाराम, बिल्लू हलवाई, सुनील कुमार, कुलदीप सिंह, शादीराम मोहलड़ा व अजय कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

## मालगाड़ी के आगे आने से 22 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत

- श्याम मंदिर के पास सुबह करीब साढ़े 11 बजे हादसा, मंदिर के पास खड़ा था युवक, अभी तक नहीं हो पाई है मृतक की पहचान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय बाबा खेतानाथ बहुतकनीकी संस्थान एवं श्याम मंदिर के बीच से गुजरती रेल पटरियों पर 20-22 वर्षीय एक नौजवान युवक की मौत हो गई। घटना प्रातः करीब 11:30 बजे की है। मृतक करीब छह फुट लंबा गौरे रंग का पतले शरीर वाला नवयुवक है, जबकि उसने एडिडास का काले रंग का ट्रेक सूट पहन रखा है, जबकि जेक एवं जोन्स नाम लिखी टी-शर्ट पहन रखी है। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची तथा आवश्यक कार्रवाई शुरू की। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 11:30 बजे श्याम मंदिर के पास रेल पटरियों पर एक युवक खड़ा हुआ था, जो मालगाड़ी की चपेट में आ गया। युवक ईंजन के आगे लगे जाल में फंसने से खड़ा ही रहा, लेकिन वह शरीर पर लगी चोटों के कारण बच नहीं सका तथा उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मालगाड़ी के चालक का बयान है कि युवक पहले से पटरियों पर खड़ा हुआ था और जब मालगाड़ी आई तो वह वहां से हटा नहीं। हादसा होने उपरांत जीआरपी मौके पर पहुंची तथा आवश्यक कार्रवाई करने उपरांत शव को नागरिक अस्पताल के शवगृह पहुंचाया, जो शव की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। युवक के पास से पहचान लायक कोई दस्तावेज व मोबाइल फोन आदि फिलहाल नहीं मिले हैं।

**रिकॉर्ड तोड़ ठंड ने बढ़ाई परेशानी, कोहरे से वाहनों की रफ्तार पर लगे ब्रेक**

# हरियाणा एनसीआर में सबसे ठंडा महेंद्रगढ़, तापमान@2.9

पूरे क्षेत्र में ऊपरी स्तर पर छाया रहा घना कोहरा, 200 से 250 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से चली ठंडी हवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा एनसीआर दिल्ली विशेषकर जिला महेंद्रगढ़ में हाड़ कंपा देने वाली ठंड का प्रकोप जारी है। वहीं जिले में लगातार शीतलहर व कोहरा ने कहर बरपाया हुआ है। जिससे आमजन को लगातार ठिठुरन भरी कड़ाके की ठंड से रूबरू होना पड़ रहा है। बता दें कि कि पिछले एक महीने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली विशेषकर जिला महेंद्रगढ़ पर रिकॉर्ड तोड ठंड की चरम स्थितियां बनी हुई हैं। सम्पूर्ण इलाके पर वातावरण की ऊपरी और निचले स्तर पर कोहरा की सघन सफेद चादर, शीत दिवस, गंभीर शीतलहर अपने तीखे तेवरों से आगाज किए हुए हैं।



नारनौल। कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार। फोटो: हरिभूमि।

सम्पूर्ण मैदानी राज्यों पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर इस साल इस प्रकार की ठंड की चरम स्थितियों के पीछे केवल उत्तरी बर्फिली हवाएं ही नहीं, बल्कि दक्षिणी पूर्वी व दक्षिणी पश्चिमी नमी वाली हवाओं का पूरा हाथ है। इसके अलावा सबसे बड़ा हाथ लगातार एक के बाद एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय भी इसका मुख्य कारण है। जिसकी वजह से सम्पूर्ण मैदानी राज्यों में इस प्रकार की ठंड की चरम स्थितियां बनी हुई हैं। इसके अलावा इस साल कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने उत्तर पर्वतीय क्षेत्रों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश के लोग इस बार अच्छी बर्फबारी को तरस रहे है। मैदानी राज्यों में इस साल इस प्रकार की ठंड कश्मीर, हिमाचल व उत्तराखंड की बर्फ से नहीं हो रही।

इसके पीछे अहम और मुख्य कारण इस साल जेट धाराओं का डायवर्सन मार्ग परिवर्तन है, जो समुद्र तल से 12 किलोमीटर की ऊंचाई पर चल रही है। यह ऊपरी वायु की गति 200 किलोमीटर से 250 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती है। जिसकी वजह से एक मौसमी सिस्टम बना हुआ है। जिसकी वजह से धरती पर चलने वाली हवाओं में अधिक ठंडक है, यही मुख्य कारण है कि मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में रिकॉर्ड तोड़ कोल्ड डे, गंभीर कोहरा, गंभीर शीतलहर जाने का नाम नहीं ले रही।

### अभी बनी है अल नीनो की स्थिति: डॉ. चंद्रमोहन

मौसम विशेषज्ञ डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि भारतीय मौसम विभाग की ओर से लगातार रेड, ऑरेंज अलर्ट जारी हो रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में अभी अल-नीनो की स्थिति बनी हुई है। जिसकी वजह से सम्पूर्ण भारत में विशेषकर उत्तरी मैदानी राज्यों में बारिश की गतिविधियां भी लगातार नदारद है। इसलिए सूखी ठंड अपने प्रचण्ड तेवरों से आगाज किए हुए हैं। सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में जिला महेंद्रगढ़ में हालांकि दोपहर बाद सूर्य के दर्शन हो रहे हैं, लेकिन धुंधली धूप से हल्की राहत मिलती है, लेकिन विंड चिल्ड फैक्टर बना हुआ है। उन्होंने बताया कि सोमवार को हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर रात्रि तापमान 2.0 डिग्री सेल्सियस से 6.0 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया है। सम्पूर्ण इलाके में सामान्य से नीचे बने हुए, जबकि जिला महेंद्रगढ़ में रात्रि तापमान क्रमशः 5.0 डिग्री सेल्सियस व 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जो सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में सबसे कम रात्रि तापमान दर्ज किया गया। जिला महेंद्रगढ़ पर लगातार ठंड का ट्रिपल अटैक जारी है। यहां शीतलहर, शीत दिवस और कोहरे को आमजन को सहना पड़ रहा है। साथ ही सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान भी सामान्य से कम बने हुए और अधिकतर स्थानों पर कोहरा की वजह कोल्ड डे की स्थिति बनी हुई है। डा. चन्द्रमोहन ने बताया कि आने वाले चार-पांच दिनों तक इसी प्रकार की ठंड की चरम स्थितियां बनी रहेगी। ऐसे में अभी आमजन को इस कड़ाके की हाड़ कंपा देने वाली ठंड से राहत के आसार नहीं दिख रहे है।

**खबर संक्षेप**



## सिहमा में हवन एवं राम पूजा आयोजित

**मंडी अटेली।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की अयोध्या में हुई प्राण प्रतिष्ठा पर सिहमा में हवन एवं राम पूजा का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ. सुभाष ने कहा कि श्रीराम अपने बाल स्वरूप में अपनी जन्मस्थली अयोध्या में बने नवनिर्मित मंदिर में विराजमान हो गए हैं। प्रभु श्रीराम के मोक्ष प्रदाता माना गया है। भगवान श्रीहरि विष्णु के अवतार प्रभु श्रीराम का पूजन जीवन के सभी सुखों को प्रदान करता है। शास्त्रों के अनुसार श्रीराम के जप में लीन रहने वाले व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस कारण प्रभु श्रीराम को प्रसन्न करने का यह खास मौका है।

### ढोल नगाड़ों के साथ लोग झूम कर नाचे, जय श्रीराम के लगे जयकारे

# अयोध्या के रंगों में प्रकाशमय हुआ शहर का आजाद चौक

भगवान राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व 1100 दीपक जलाए तथा आजाद चौक परिसर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। दीप उत्सव कार्यक्रम में भाग लेते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

आजाद चौक युवा संगठन की ओर से रविवार रात को आजाद चौक प्रांगण में भगवान राम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व 1100 दीपक जलाए तथा आजाद चौक परिसर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। आजाद चौक प्रांगण में ढोल नगाड़ों के साथ लोग झूम कर नाचे व अमृतमय भक्ति की रस धारा बही। लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए, शहर की सभी सामाजिक संस्थाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। आजाद चौक युवा संगठन के संरक्षक विजय जिंदल ने बताया कि अयोध्या नगरी हमेशा से ही श्रीराम की जन्मभूमि रही है। अयोध्या का धार्मिक इतिहास तो हमने रामायण में पढ़ा है। इस वक्त पूरा भारत श्रीराम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर खुशियों में सराबोर है, सालों के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होना एक सौभाग्य की बात है। इस मौके पर संगठन के प्रधान लोकेश शर्मा, उप प्रधान मोहित जिंदल, कोषाध्यक्ष मुकेश जैन, महासचिव भगत सिंह सैनी, अशोक सैनी, हर्ष सैनी, पुनीत जिंदल, सैनी सभा के प्रधान बिशन सैनी, रघुबीर सैनी, संजय गर्ग, विनोद चौधरी, राजकुमार यादव रातां, प्रवीण संघी, मुकेश वालिया, मास्टर नितिन चौधरी पार्षद, विजय सैनी, गौतम सैनी, संजय सैनी, राकेश सैनी, अनिल सैनी, प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा, टाईगर क्लब के संरक्षक राकेश यादव मौजूद थे।



## श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर भंडारे लगाए

- दिव्य राममंदिर में रामलला की मूर्ति स्थापित होना गौरव की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अयोध्या श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में अटेली विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों, कस्बों के मंदिरों, सार्वजनिक स्थलों व गौशालाओं में यज्ञ हवन, भजन, कीर्तन व भंडारे आयोजित किए गए। धनौंदा, खेड़ी, पोता, कनीना, तोबड़ा, भोजावास के मंदिरों में यज्ञ, हवन, भजन, कीर्तन आयोजित किए गए। बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने धनौंदा ठाकुर जी मंदिर, बस स्टैंड, कनीना निहाल मार्केट व बस स्टैंड के सामने आयोजित भंडारों का रिबन काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी ताकत है। राम हमारे महान प्रेरणा स्त्रोत तथा आराध्य देव हैं। 500 साल के संघर्ष के बाद अयोध्या में भव्य व दिव्य राममंदिर में रामलला की मूर्ति स्थापित होना देश के लिए गौरव की बात है।



## गुढ़ा में ग्रामीणों ने निकाली भगवा ध्वज यात्रा

**कनीना।** राममंदिर में सोमवार को हुई प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गुढ़ा गांव में ध्वज यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। सुबह 11 बजे सत्यनारायण से प्रारंभ हुई इस यात्रा में श्रीराम परिवार की झांकी के साथ ग्रामीण श्रीराम के चित्र वाले भगवा झंडे लेकर नाचते-कूदते रहे। यात्रा का समापन खारीवाला टंकी के पास शिव मंदिर में हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने पटाखे जलाकर व प्रसाद वितरित कर खुशी जताई। इस अवसर पर झांकी में बच्चों सहित महिलाओं व पुरुषों ने हिस्सा लिया। भगवा झंडों व लंबी यात्रा को देखकर पूरा वातावरण राममय हो गया। ग्रामीणों के उत्साह के आगे कड़ाके की ठंड के बावजूद माहौल दिनभर भक्तिमय बना रहा। इस मौके पर ग्राम सरपंच वीरेंद्र दीक्षित, पुजारी शुभकरण, महावीर नंबरदार, सुनील कुमार, मास्टर मुरलीधर अग्रवाल, नरेंद्र यादव, राकेश यादव, जसवंत सिंह, सुभाष चंद, सुरेंद्र शर्मा, सुशील शर्मा, रामौतार शर्मा, संजय कुमार, विजय कुमार, रमेश, शिवचरण शर्मा, ओमप्रकाश, दलीप सिंह, मेघनाथ शर्मा, गोमती, शारदा, कृष्णा, सुरेश, अशोक, महेंद्र छाबड़ा, डा. नरेंद्र गेरा, धर्मपाल शर्मा, राजेंद्र छाबड़ा, रामअवतार,

## कनीना के मंदिरों में हवन के साथ भंडारे आयोजित

- सुंदरकांड पाठ व रामचरित्र मानस का गान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



ठाकुर जी मंदिर में सुबह हवन का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इससे पूर्व सुंदरकांड पाठ व रामचरित्र मानस का गान किया। हवन में यजमान के रूप में सरोज देवी व पवन शर्मा बैठे। मंदिर के पुजारी कंवर सेन वशिष्ठ ने बताया कि 12 बजे मंदिर में भंडारा आरंभ किया।
कनीना में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के सहसंयोजक मोहन सिंह ने बताया कि सुबह नौ बजे श्याम मंदिर से शोभा यात्रा शुरू की गई। बाबा राधेदास आश्रम में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। मौके पर अतर सिंह, श्रीराम शर्मा बागोत, दिलावर सिंह, विजय एडवोकेट, हनुमान यादव, फूलादेवी, गोदावरी, सरिता भारद्वाज, कमलेश आदि मौजूद थे।

## सेवा भावना से प्रेरित होकर जनता के बीच आया

- राव सुखबिंद्र सिंह के स्थानीय कार्यालय का हुआ उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। गोशाला मार्केट में कार्यालय का उद्घाटन करते राव सुखबिंद्र सिंह एवं महंत बालकदास। *फोटो : हरिभूमि*

पूर्व राज्यसभा सांसद राव मानसिंह के सुपुत्र सेवानिवृत अधीक्षण अभियंता राव सुखबिंद्र सिंह के स्थानीय कार्यालय का उद्घाटन नावदी धाम के महंत बालकदास महाराज ने रिबन काटकर किया। राव सुखबिंदर सिंह का यह कार्यालय विजय अस्पताल के पास गोशाला मार्केट में स्थित है। उद्घाटन के साथ-साथ रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में राव सुखबिंद्र सिंह ने हवन, सुंदरकांड के पाठ और भंडारे का आयोजन भी करवाया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं सहित स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। कार्यालय के उद्घाटन के बाद महंत बालकदास ने राव सुखबिन्द्र सिंह को सफलता का आशीर्वाद देते हुए निःस्वार्थ भाव से जनसेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि निःस्वार्थ भाव से की गई सेवा फलीभूत होती है। इस अवसर राव सुखबिंद्र सिंह ने कहा कि यह कार्यालय आगामी समय में क्षेत्र की सभी समस्याओं के निवारण का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि उनका यह कार्यालय जनता का अपना कार्यालय है, जिसमें वे बिना झिझक के कभी भी कोई भी समस्या या सुझाव लेकर आ सकते हैं। राव सुखबिंद्र सिंह ने कहा कि वे व्यक्तिगत लाभ के लिए राजनीति करने नहीं आए हैं, अपितु समाज कल्याण और सेवा भावना से प्रेरित होकर जनता के बीच आए हैं। इसी कारण वे नारनौल की स्थानीय समस्याओं के बारे में पूर्ण रूप से परिचित हैं और सभी समस्याओं का त्वरित निवारण और समाज कल्याण ही उनकी प्राथमिकता है। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने न केवल हवन एवं सुंदरकांड पाठ में रामलला स्थापना की भावना से भाग लिया, बल्कि श्रद्धापूर्वक भंडारे में प्रसाद भी ग्रहण किया।

## 501 दीप प्रज्ज्वलित किए गए

**सतनाली मंडी।** अयोध्या में रामलला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में क्षेत्र में सुबह से सुंदरकांड पाठ, हवन, भंडारा, भजन-कीर्तन व शोभायात्राएं जारी रही। जिससे माहौल पूरी तरह राममय बना रहा। सोमवार को कस्बे सहित क्षेत्र के मंदिरों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विहिप प्रखंड सतनाली के सानिध्य में विभिन्न मंदिरों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रखंड मंत्री प्रवीण कुमार ने बताया कि श्रीराम प्रभात फेरी सत्संग समिति की ओर से लक्ष्मीनारायण मंदिर में प्रभात



फेरी, सुंदरकांड पाठ, भंडारा व प्रसाद वितरण, शाम को सत्संग व 501 दीप प्रज्ज्वलित किए गए। वहीं जमुवाय माता मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर कमेटी सदस्य कल्याण सिंह शेखावत ने बताया कि मंदिर में हवन एवं भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी प्रकार श्रीराम मंदिर सोहड़ी में अखंड रामायण पाठ किया गया। पुजारी महावीर प्रसाद ने बताया कि हवन एवं इसके बाद गांव में भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई।

## हवन, भंडारा व गोशाला में खिलाया हरा चारा

- भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष भारती सैनी ने की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

अयोध्या में श्रीराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं नप की पूर्व चेयरपर्सन भारती सैनी ने हवन यज्ञ, भंडारा, मंदिर में पूजा अर्चना और फिर गौशाला में गोवंशों को हरा चारा खिलाया। सर्वप्रथम रेवाड़ी रोड स्थित आवासर पर सोमवार सुबह हवन किया।विश्व हिन्दू परिषद के विभाग अध्यक्ष विशाल सैनी, नगर



परिषद के उपप्रधान संजीव यादव, धर्मेंद्र गोस्वामी, राजीव शर्मा, अमित वधुवा, राकेश गर्ग, मेजर ईश्वरसिंह, नरोत्तम सोनी सहित अनेक श्रद्धालुओं ने आहूति डाली। कैलाशनगर वासियों के संयुक्त सहयोग से रेवाड़ी रोड पर भंडारे का भी आयोजन किया। यहां से भारती सैनी लोहा मंडी स्थित बजरंग बली मंदिर पहुंची। जहां पं. पुनित शास्त्री की अगुवाई में पूजा अर्चना करवाई गई। इसके बाद भारती सैनी नंदीशाला रघुनाथपुरा पहुंची। प्रभू श्रीराम दरबार का आशीर्वाद लेकर गोवंश को हरा चारा खिलाया। भारती सैनी ने कहा कि 500 वर्ष का इंतजार खत्म हो गया है। प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सनातनियों का मान

## गुवानी में प्रभु श्रीराम की निकाली भव्य शोभायात्रा

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव गुवानी में अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सोमवार को गांव के मुख्य मार्गों पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा पर ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा और जगह-जगह स्टाल लगाकर प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर गांव की सरपंच रीना यादव ने कहा कि शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, सीता माता, लक्ष्मण तथा महावीर के स्वरूप सजाकर रथ में बैठाकर ढोल-नगाड़ों के साथ जय श्रीराम के जयघोष किए गए।



## दलितों की रग-रग में रामः सरजीत नंबरदार

**नारनौल।** दलित नेता सरजीत नंबरदार ने भगवान राम के प्रसिद्ध मंदिर रामेश्वर धाम पहुंचकर दीप प्रज्वलित कर उनका स्मरण किया तथा देश-प्रदेश में सुख-शांति एवं स्मृद्धि की कामना की। इस मौके पर सरजीत नंबरदार ने कहा कि दलितों की रग-रग में राम बसे हैं। हमारा तो अभिवादन भी राम-राम है। हमारे पूर्वजों के नाम के साथ राम लगता है। भीम राम राव अंबेडकर, बाबू जगजीवन राम, उत्तर भारत के बड़े दलित नेता चौधरी चांदराम, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री राम सुंदर दास, मायावती के बड़े भाई अनंतराम जैसे अनेक नाम हैं। नंबरदार ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति पं जवाहरलाल नेहरू ने रखी और राम का ताला राजीव गांधी ने खोला। वसुधैव कुटुम्बकम और हिंदू मुस्लमान, सिक्ख, इसाई, पारसी आदि को एक राष्ट्रीयता में पिरोकर और हमें सामाजिक, आर्थिक विषमता तथा असमानता मिटाने की तरफ बढ़ना होगा। उन्होंने परिवार समेत बाबा रामेश्वर दास धाम के राम दरबार में सुख-शांति की प्रार्थना की।



## गांव सिसोठ में निकाली शोभा यात्रा

**महेंद्रगढ़।** माता भूरा भवानी मंदिर सिसोठ में अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण को एक उत्सव की तरह मनाया। सरपंच वीरेन्द्र कुमार व मंदिर कमेटी प्रधान प्रेमचंद सिसोठिया ने बताया कि सोमवार को प्रभु श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर ग्रामीणों के सहयोग से गांव सिसोठ में सुबह नौ बजे माता भूरा भवानी मंदिर से भगवान श्रीराम की ध्वजा के साथ यात्रा निकाली गई। यह यात्रा गांव की सभी फिरनियों व बाबा जाखदेव मंदिर में होते हुए गांव के चारों तरफ से जय जय श्रीराम के जयकारे लगाते डीजे पर झूमते हुए माता भूरा भवानी मंदिर परिसर में संपन्न हुई। इसके बाद हेडमास्टर वेदप्रकाश आर्य ने मंदिर में यज्ञ करवाया। अनिल सिसोठिया उनकी पत्नी मोना यादव, मुकेश चौहान उनकी पत्नी सुमित्रा देवी, बिरेंद्र यादव उनकी पत्नी सुमन देवी, संदीप शर्मा उनकी पत्नी पूनम देवी यज्ञ में मुख्य यजमान बने। इस दौरान ग्रामीणों ने माता भूरा भवानी मंदिर एवं बाबा जाखदेव मंदिर में पूजा अर्चना की।

## प्राण प्रतिष्ठा पर हुआ भंडारे का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** अयोध्या में श्री राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में शहर के मौहल्ला नया खटीकन स्थित शिव मंदिर में सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मौहल्ला वासी मुकेश खन्ना, मनोज खन्ना व संजय खन्ना ने बताया कि 22 जनवरी को हमारे आदर्श भगवान श्री राम लगभग 500 वर्ष बाद अपने मूल जन्मस्थान पर विराजमान हुए है, जिस खुशी में पूरे विश्व में खुशी मनाई जा रही है। आज का दिन हमसबों के लिए गौरव का दिन है। इसी खुशी के अवसर मौहल्ले के शिव मंदिर में समस्त मौहल्ला वासियों के सहयोग से खीर, पुरी व सब्जी एक विशाल भंडारा किया गया। भंडारा सुबह 11:00 बजे से शुरू हुआ जो प्रभु इच्छा तक चला, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम छह बजे मंदिर में 521 दीपक जलाए जाएंगे।





## श्रमिकों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की

**नारनौल।** श्रीरामलला विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से वरिष्ठ वसीका नवीस रोशनलाल गौड़ के सौजन्य से परशुराम चौक पर श्रमिकों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि रामोत्सव पर लगाए गए इस प्रसाद वितरण की शुरूआत रोशनलाल गौड़ व एडवोकेट कमल गौड़ ने की। आयोजक रोशनलाल गौड़ ने कहा कि पूरे राष्ट्र के लिए यह अगाध खुशी और प्रतिष्ठा का अवसर है, जब श्रीराम अपने भवन में विराजमान हुए हैं। अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि राम भारतीय जनमानस के नायक हैं। डा. विनोद गौड़ व दीपेन्द्र गौड़ एडवोकेट ने कहा कि पूरा राष्ट्र और हिन्दू समाज इस समय उत्सव में व्यस्त हैं। यह हमारी राष्ट्रीय अस्मिता के परचम के लहराने का वक्त है। मौके पर ट्रस्टी नरोत्तम सोनी, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान भीमसेन शर्मा, समाजसेवी विजय गोस्वामी, नरेश कुमार, दिनेश शर्मा प्राचार्य, हिमांक गौड़, पारुल गौड़ आदि मौजूद थे।



## लोहा मंडी हनुमान मंदिर में भक्तों ने की भगवान की आरती

**नारनौल।** श्रीरामलाल के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्राचीन लोहा मंडी हनुमान मंदिर में पुनीत शास्त्री ने भक्तजनों के साथ श्रीराम नाम का नारा लगाया और श्री राम जय राम जय जय राम का जाप किया। इसके बाद हनुमान का नारा लगाया। इसके बाद हनुमान जी की सभी भक्तों के साथ आरती की। सभी भक्तों ने राम नाम से अंकित चित्र ध्वजा हनुमान जी को चढ़ाई। सभी भक्तों से पांच दीपक जलाए। पुनीत शास्त्री ने सुंदरकांड की एक चौपाई की। इस मौके पर रघुनंदन, कुसुम देवी, नप पूर्व चेयरपर्सन भारती सैनी, रविंद्र मटरू, महेश शर्मा, रोहताश सैनी, सुभाष गुप्ता, प्रदीप जाट आदि थे।



## शहरपुर शिव मंदिर में श्रीराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पर कार्यक्रम आयोजित

**नारनौल।** अयोध्या नगरी में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गांव शहरपुर के शिव मंदिर में प्रभात फेरी, हवन व भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर के महंत सत्यवीर दास ने बताया कि अयोध्या नगरी में श्रीराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गांव के शिव मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर मंदिर को गांव के युवाओं ने विभिन्न प्रकार के फूलों से सजाया। वहीं सोमवार को सुबह डीजे के साथ गांव के चारों ओर श्रीराम के झंडे लेकर युवाओं ने प्रभात फेरी निकाली। इसके उपरांत हवन में आयोजन किया गया।

### गांव कलवाड़ी व मुंडिया खेड़ा में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# लोगों को घर द्वार पर मिल रहा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। प्रदर्शनी का अवलोकन करते राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव।

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा सोमवार को सिहमा खंड के गांव कलवाड़ी व मुंडिया खेड़ा तथा नारनौल शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर छह व सात के लोगों के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नीरपुर तथा वार्ड नंबर आठ, नौ व 10 के लोगों के लिए मंदिर ठाकुर जी पटीकरा में पहुंची। इस अवसर पर नागरिकों को विकसित भारत की शपथ दिलाई। शहरी क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नीरपुर व पटीकरा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव तथा गांव कलवाड़ी व मुंडिया खेड़ा में प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत सिंह कलवाड़ी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि इस यात्रा के दौरान नागरिकों को उनके घर द्वार पर जाकर सरकार सेवाएं दे रही है। इस तरह से अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं, जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। साथ ही विभिन्न विभाग योजनाओं के लिए पंजीकरण भी करवा रहे हैं। यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर एक व्यक्ति को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। इस दौरान पात्र नागरिकों को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं, जो लाभार्थी अभी तक छूट गए हैं, उनके आवेदन भी मौके पर ही करवाए जा रहे हैं। संकल्प यात्रा 23 जनवरी को अटेली खंड के गांव कुंजपुरा, नारनौल शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 व 12 के लोगों के लिए राजकीय मिडिल स्कूल ढाणी कोजिंदा तथा वार्ड नंबर 15 के लोगों के लिए राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सुबह नौ से दोपहर एक बजे तक होगा।

## चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में जले एक लाख से अधिक दीये

# कहीं हवन तो कहीं भंडारे, श्रीराम के जयकारों से गूंजा महेंद्रगढ़ शहर

### डीजे की धुनों पर श्रीराम के जयकारों पर झुमें युवा, रात को दिखा दिवाली जैसा नजारा

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा होने पर सोमवार को क्षेत्र पूरा राममय नजर आया। कहीं हवन-यज्ञ तो कहीं भंडारे लगाए गए। शहर के कुछ दुकानदारों ने बाजार में पूरे दिन देसी घी का हलवा, सब्जी पूरी व खीर का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया। इसके अलावा युवाओं की टोलियों ने डीजे की धुन पर जय श्रीराम के नारों के साथ शहर में यात्रा निकालकर माहौल को राममय बना दिया। इसके अलावा शहर के विभिन्न जगहों पर हवन-यज्ञ किया गया। रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में एक लाख से अधिक दीपक जलाए गए। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर जय श्रीराम के नारे लगाकर दीपक जलाए गए। इसके अतिरिक्त युवाओं पार्क में जमकर आतिशबाजी भी की। इसके अलावा लोगों ने अपने घरों व प्रतिष्ठानों में रात्रि को दीपक जलाए गए। इसके अलावा राम भक्तों ने सुबह से हीं मंदिरों में भगवान की आरती की गई।


महेंद्रगढ़। चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में लगाए गए दीपक। फोटो : हरिभूमि

### लड़ियों से सजा महेंद्रगढ़

रामलला के लिए शहर को पूरी तरह से सजाया गया। सभी चौक-चौराहों को रंगीन लड़ियों के साथ सजाया जा रहा है। बालाजी चौक से संब्जी मंडी रोड, भगवान परशुराम चौक, राव तुलाराम चौक, बालाजी चौक, सिनेमा रोड को पूरी तरह से रंग-बिरंगी लाइट से सजाया गया। शहर के अलावा गांवों में भी कार्यक्रम किए गए। आईटीआई के पास बड़ी स्क्रीन लगाकर लोगों को रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम लाइव दिखाय गया। रणबीर सिंह हुड्डा पार्क सहित अन्य क्षेत्र में भी बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकर कार्यक्रम दिखाया गया।

मंदिरों में सुबह से सत्संग, कीर्तन का आयोजन किया गया। वहीं विभिन्न मंदिरों में हनुमान चालीसा और सुंदर कांड पाठ किए गए। शहर के मंदिरों को भी दुल्हन की तरह सजाया गया। मंदिरों व विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों की तरफ से भंडारों का आयोजन किया गया। रणबीर सिंह हुड्डा पार्क में बड़ा कार्यक्रम होने से प्रशासन द्वारा कड़े प्रबंध किए गए थे। आयोजन को लेकर पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

### विभिन्न जगह लगे भंडारे

अयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा पर शहर के बाजारों व विभिन्न मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया। सोमवार को रेलवे रोड, सिनेमा रोड, आईटीआई रोड, मौहल्ला वाल्मीकि, मौहल्ला खटीकान, सैनीपुरा, 11 हट्टा बाजार में कार्यक्रम की धूम रही।

### प्रधानमंत्री ने देश में की राम राज की शुरूआत

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने सोमवार को अपने पैतृक गांव राठीवास के भूरास्ता मंदिर पर पार्टी कार्यकर्ताओं व आमजन के साथ अयोध्या में आयोजित रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भव्य प्रसारण वर्चुअल माध्यम से देखा। राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ऐतिहासिक क्षण करार दिया। उन्होंने कहा कि तकरीबन 500 साल बाद मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ है और यह पूरे देश के लिए उत्सव और जश्न का अवसर है। उन्होंने कहा कि इस शुभ घड़ी की आप सभी प्रदेशवासियों को बहुत बधाई दी।

### कोथल खुर्द के हनुमान मंदिर में हवन यज्ञ

गांव कोथल खुर्द में श्री राम मंदिर उद्घाटन पर बाबा अमरदास धाम हनुमान मंदिर में यज्ञ किया। डॉ. भगवान शर्मा के ब्रह्मत्व व उत्तम प्रकाश शास्त्री के पौरोहित्य निर्देशन में यज्ञमान की भूमिका पंडित सुरेश शर्मा ने निभाई। राम भगवान के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया व भजन व्याख्यान हुए। ग्रामीणों ने हर्षोल्लास पूर्वक झांकी सजाई और गांव की मुख्य मार्गो से निकाली गई। इस अवसर पर राव छैलू राम प्रधान, बुधराम, सुभाष आर्य, मेजर रोहतास, ओमप्रकाश विनीत मा

# खातौली अहीर में लगाया भंडारा

- रामलीला प्राण प्रतिष्ठा पर मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में गांव खातौली अहीर के जोहड़ पर स्थित मंदिर में सोमवार को भजन-कीर्तन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इससे पूर्व रविवार को मंदिर में बाबा जोहड़ वाले, राम दरबार, राधा-कृष्ण एवं श्रीश्याम की मूर्तियों की स्थापना की गई थी। यह आयोजन कुल्डाराम यादव के पौत्रों खजान सिंह यादव, नरेंद्र सिंह एवं योगेश कुमार उर्फ जग्गड़ ने मिलकर किया है। इन्होंने ही देवी-देवताओं के प्रति गहरी आस्था रखते हुए जोहड़ पर शनिदेव मंदिर का भी निर्माण करवाया है।


नारनौल। खातौली अहीर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

आचार्य नीतू पंडित कमानियां तथा राजेश पंडित खातौली ने आज प्रातः विधिवत रूप से देवी-देवताओं का पूजन किया तथा प्रसाद तैयार होने पर उन्हें भोग लगाया। तत्पश्चात सबसे पहले कन्याओं को प्रसाद खिलाया गया और फिर श्रद्धालुओं के लिए भंडारा खोल दिया गया, जिसमें आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं ने भी भाग लिया। सरपंच प्रतिनिधि विक्रम फौजी ने बताया कि आज दिन बहुत बड़े पुण्य का दिन है।



### प्राण प्रतिष्ठा पर हवन व भंडारे का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** अयोध्या नगरी के राम मंदिर में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होने के उपलक्ष्य में गांव झगड़ोली में नांगल हरनाथ मोड मार्केट के दुकानदारों द्वारा हवन यक्ष व भंडारे का आयोजन किया गया। प्रधान दीपक तंवर ने बताया कि आज अयोध्या में श्रीराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होने के शुभ अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया है व बड़ी एलईडी लगाकर भगतों को सीधे अयोध्या मंदिर से लाइव प्रभु श्रीराम के दर्शन कराए गए। हवन यज्ञ में सभी राम भगतों ने आहुति डालकर प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त किया।



नारनौल। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### गुरु द्रोणाचार्य स्कूल में शोभायात्रा निकाली

**नारनौल।** गुरु द्रोणाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी किरारोद में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीराम दरबार की झांकी निकाली गई। इस शोभा यात्रा को संस्था के चेयरमैन अजय कुमार व विद्यालय के प्राचार्य नेतराम सैनी ने भगवा ध्वजा दिखाकर रवाना किया। इस शोभा यात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व सीता के जीवन से संबंधित झांकियां निकाली गई। इस मौके पर संस्था के वाइस चेयरमैन कुलदीप सैनी, पूजन सैनी, कमल सिंह, विकास, अंकित, दिनेश कुमार, हेमंत कुमार, प्रवीण कुमार, सुनीता, पूनम सैनी, पूनम चौधरी, मोना, रजनी, निशा, दीपिका, कृष्ण कुमार, फतेह सिंह, मुकेश कुमार, दरियाव सिंह, लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

# गुरुकुलम स्कूल में मनमोहक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

बुंदेबाज नगर स्थित गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को अयोध्या मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर एक मनमोहक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा पूरा वातावरण राममय मना दिया। भगवान राम के जीवन पर भव्य नाटिका प्रस्तुत की गई। इस दौरान रामायण से संबंधित प्रश्नोतरी कार्यक्रम भी किया गया, जिसमें बच्चों की जानकारी व उत्साह दोनों में ही बढ़ोतरी हुई। इस कार्यक्रम से बच्चों ने अपनी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जानकारी प्राप्त की। स्कूल चेयरमैन डॉ. हरिसिंह ने स्कूल प्रबंधन व प्राचार्य ने सभी बच्चों से इस अवसर को दीपावली के पर्व के सम्मान मनाने का आग्रह किया।


महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# गांव कोथल खुर्द में किया हवन

- गांव के हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

गांव कोथल खुर्द में श्रीराम मंदिर अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बाबा अमरदास धाम हनुमान मंदिर परिसर में ग्रामवासियों ने वृहत यज्ञ का आयोजन किया। इस अवसर पर डा. भगवान शर्मा के ब्रह्मत्व व उत्तम प्रकाश शास्त्री के पौरोहित्य निर्देशन में यज्ञमान की भूमिका पंडित सुरेश शर्मा ने निभाई। श्रीराम भगवान के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया व भजन व्याख्यान हुए। ग्रामीणों ने हषार्ेल्लास पूर्वक झांकी सजाई और गांव की मुख्य मागार्ें से निकली गई।


नारनौल। कोथल खुर्द में हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

श्रद्धालु गण घरों से घृत की कटोरियां भर कर यज्ञ में आहुतियां डालकर अभिभूत हुए। इस मौके पर राव छैलूराम प्रधान, बुधराम, सुभाष आर्य, सूबेदार मेजर रोहतास, ओमप्रकाश, विनीत, हरिकिशन, रणवीर, हवासिंह, मोहनलाल पूर्व उपाध्यक्ष बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा, सुखवीर, फूला देवी, राजबाला, निहाली देवी मौजूद रहे।



### एचपीएस स्कूल में निकाली शोभायात्रा

**नारनौल।** नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में अयोध्या में आयोजित श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रबंधन कमेटी से डा. हितेश वर्मा ने की। संस्था अध्यक्ष मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील यादव की अगुवाई में सभी विद्यार्थियों व अध्यापकों ने भगवान श्रीराम की शोभा यात्रा निकाली। विद्यार्थी हाथों में श्रीराम की पताका लेकर जय श्री राम, जय सियाराम आदि नारे आसमान में गूंज रहे थे। विद्यार्थियों ने अयोध्या में आयोजित श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कार्यक्रम का सीढ़ा प्रसारण बड़ी स्क्रीन पर देखा। विद्यार्थियों ने जय श्रीराम की मानव श्रृंखला बनाकर भगवान श्रीराम के चरणों में अपने श्रद्धासुमन अर्पण किए। इस अवसर पर संस्था संस्थापक सुभाष चंद्र वर्मा व निर्देशक पुष्करमल वर्मा ने विद्यार्थियों व अध्यापकों को बधाई दी।

# प्राण प्रतिष्ठा पर जलाए 11 हजार दीये

- मॉर्डन स्कूल में श्रीराम की मूर्ति स्थापना पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭महेंद्रगढ़

चामधेड़ा रोड स्थित मॉडर्न स्कूल में सोमवार को भगवान श्रीराम की मूर्ति स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन कर धूमधाम से मनाया गया व 11 हजार दीपक जलाए गए। सीनियर विंग की छात्राओं के द्वारा विद्यालय प्रांगण में सुंदर रंगोली बनाई गई। छात्रों व स्टाफ सदस्यों ने भगवान राम की पूजा की गई।

प्राचार्य प्रदीप तंवर व चेयरमैन सतन सिंह ने विद्यार्थियों को भगवान श्रीराम के जीवन पर प्रकाश डाला व सभी विद्यार्थियों को भगवान श्रीराम से प्रेरणा लेते हुए अपने माता-पिता की सेवा व आज्ञा का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को अपने-अपने घर पर शाम के समय 11-11 दीपक जलाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉर्डिनेटर भूपेंद्र सैनी, जिले सिंह, जगबीर लांबा, मुकेश तंवर, बिरेंद्र सिंह, राकेश यादव, शीला शर्मा, स्नेहलता, सुभाष डीपी, सतीश मेहरा, दिनेश सैनी व दिनेश बोहरा आदि उपस्थित रहे।


महेंद्रगढ़। विद्यालय में दीये जलाते स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि



### रामबास में निकाली भगवान राम दरबार की झांकियां

**नारनौल।** अयोध्या में श्रीराम मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गांव रामबास में खुशी, आस्था एवं श्रद्धा का माहौल बना रहा। लोग जय श्रीराम जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर गांव में झांकियों का आयोजन किया तथा प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर गांव की महिलाएं, बुजुर्ग नौजवान साथी आदि मौजूद रहे। सभी ने इस झांकी में प्रभु श्रीराम की आराधना की और जय श्रीराम के नारे लगाए।



### बीआर स्कूल में भगवान राम प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** बीआर स्कूल सेहलंग में भगवान श्रीराम के अयोध्या में श्रीराम मंदिर में नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में चेयरमैन हरीश भारद्वाज मुख्यातिथि, प्राचार्य राममोहन वशिष्ठ विशिष्ठ अतिथि व उपप्राचार्या ज्योति भारद्वाज ने विधिवत अध्यक्षता की। अतिथियों ने सर्वप्रथम भगवान श्रीराम के चित्र पर पुष्पार्पण किया व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। राम के जन्म, शिक्षा राज्यभिषेक, वन प्रस्थान तथा रावण संहार तक की कहानी को नाटिकाओं द्वारा मंच पर प्रदर्शित किया गया। प्राचार्य राममोहन वशिष्ठ व चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने सभी को भगवान राम के चरित्र एवं आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने भगवान श्री राम के मंदिर को राष्ट्र मंदिर की संज्ञा देते हुए कहा कि राम हम सब के जीवन में प्रतिक्षण विद्यमान है।

### राव नेतराम स्कूल में रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव पर कार्यक्रम



**नारनौल।** रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर में दीपक जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य अनीता देवी ने बताया कि लगभग 494 वर्ष के बाद राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। उन्होंने श्रीराम के जीवन को हिंदू धर्म में आदर्श पुरुष के रूप में माना गया है। जिसमें बच्चों ने कीर्ति ने राम, खुशी ने लक्ष्मण व विपासा ने सीता की भूमिका अदा कर कार्यक्रम को रोचक बनाया। उन्होंने बताया कि श्रीराम ने अपने जीवन को माता-पिता के एक वचन के लिए अपना राजपाट छोटकर 14 वर्ष वनवास काटने के लिए जंगलों में चले गए। इस मौके पर ज्योति, पूजा, सतीश, संजीव, श्यामसुंदर, राजबाला, सुमन शर्मा, ज्योति, अशोका, मीना, समता मौजूद रहे।



### बचपन प्ले स्कूल में हुआ दीपोत्सव व भजन संकीर्तन

**महेंद्रगढ़।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर उद्घाटन एवं भगवान रामलला की मूर्ति स्थापना के उपलक्ष्य में बचपन प्ले स्कूल में एक दीपोत्सव मनाकर भजन संकीर्तन का आयोजन करवाया गया, जिसमें किड्स प्ले स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान श्री आदर्श संकीर्तन मंडल के कलाकारों द्वारा प्रभु श्री राम के भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई और विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा भगवान राम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान की मनमोहक झांकियां पेश की गई। यजमान विद्यालय संस्थापक शेरसिंह सैनी एवं सावित्री देवी सपरिवार थे, जिन्होंने विधिवत दरबार का पूजन करवाया। चेयरमैन रमेश सैनी व चेयरपर्सन निशा सैनी ने कहा कि 500 वर्षों बाद भगवान रामलला अयोध्या के श्री राम मंदिर में विराजमान हुए हैं।




### श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में की श्रीराम की मूर्ति स्थापित

**नारनौल।** श्रीकृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल भुंगारका में सोमवार को श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्राचार्य वेदपाल यादव ने 101 दीपक जलाकर अयोध्या के श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर रामलला आगमन का भव्य स्वागत किया। प्राचार्य वेदपाल यादव ने बच्चों को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन के बारे में अवगत करवाया तथा उन्हीं के आदशार्ें को अपने जीवन में आत्मशात करने के लिए बच्चों को प्रेरित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

## हाथों में निशान व सिर पर चरण पादुका रखकर चमत्कारी बालाजी मंदिर से यात्रा शुरू

# प्राण प्रतिष्ठा पर शहर में निकाली चरण पादुका यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौल

अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को लेकर शहर में अनेक राम भक्तों ने श्रीराम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल व श्रीराम मेहंदीपुर बालाजी सेवा संघ के साथ भव्य चरण पादुका एवं निशान शोभायात्रा का निकाली। चरण पादुका निशान शोभायात्रा गुरुजी सांवरमल गोयल के सानिध्य में आयोजित की गई। सर्वप्रथम हुडा सेक्टर के चमत्कारी बालाजी मंदिर में मंडल के प्रधान आचार्य क्रांति निर्मल ने यात्रा संयोजक मुख्य यजमान अजय गुप्त व उनकी पत्नी ममता गुप्ता को सपरिवार पूजन करवाया गया।


नारनौल। राम की प्राण प्रतिष्ठा पर नारनौल में शोभायात्रा में झूमते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

इसके बाद भगवान राम की चरण पादुका का यजमान के रूप में विजय गुप्ता, अशोक अग्रवाल, मनोज गोयल, नितिन कांटीवाले, अमित संघी, नरेश मित्तल, नरेंद्र यादव, सुरेश अग्रवाल, महाबीर गर्ग, अनिल एडवोकेट, कृष्ण डाबला वाले तथा ज्ञानप्रकाश गुप्ता से पवित्र स्नान करवा कर पूजन करवा गया। इसके बाद सभी भक्तों ने हाथों में निशान लेकर व चरण पादुका को सर पर रख कर हुडा के चमत्कारी बालाजी मंदिर से यात्रा प्रारंभ की। चरण पादुका यात्रा को सहेंद्र यादव व कमलेश यादव ने हरी झंडी दिखकर रवाना किया। शोभायात्रा हुडा सेक्टर से महाबीर चौक व सिंघाना रोड होते हुए खालड़ा वाले बालाजी मंदिर में जाकर संपन्न हुई।

खालड़ा वाले हनुमान मंदिर में आरती के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। चरण पादुका शोभायात्रा का शहर में अनेक स्थान पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके गुरुजी सांवरमल गोयल ने कहा कि अनेक वषार्ें के बाद देश में खुशी है और दीपावली मनाई जा रही है क्योंकि सभी के आराध्य भगवान राम अयोध्या में विराजमान हो रहे हैं।

### जयकारों पर झूमें रामभक्त

आचार्य क्रांति निर्मल ने कहा कि यह चरण पादुका यात्रा इसलिए निकाली गई क्योंकि वास्तव में अब भगवान राम का राज्यअभिषेक अयोध्या में हो रहा है और यह चरण पादुका उन्हें पहनाने सही समय आ गया। चारण पादुका निशान शोभायात्रा शहर की विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के लोग हाथों में निशान लेकर व जय श्रीराम के जयकारों के साथ झूमते हुए चल रहे थे।